# हर जिले में 100 एकड़ में बनेगा औद्योगिक पार्क

लखनऊ। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में उद्यमियों के लिए 100 एकड़ में औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। इसके लिए अब तक दस जिलों ने सौ-सौ एकड़ जमीन मुहैया कराई है। यहां औद्योगिक पार्कों को एमएसएमई विकसित करके स्थानीय उद्यमियों को सस्ते दामों पर उद्यम के लिए जमीन देगा। कैबिनेट मंत्री ने ये घोषणा गोमती नगर स्थित आईआईए भवन में अमर उजाला की ओर से आयोजित एमएसएमई फॉर भारत कॉन्क्लेव में की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि नोएडा समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के तीन जिलों में 3000 रुपये प्रति वर्ग मीटर, मध्यांचल में 2500 रुपये प्रति वर्ग मीटर और पूर्वांचल व बुंदेलखंड के जिलों में

**अमर उजाला एमएसएमई फॉर भारत कॉन्क्लेव में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा- उद्यमियों को देंगे सस्ती जमीन**



मात्र 2000 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से उद्यमियों को जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। इस संबंध में सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को अपने यहां लैंड बैंक तैयार करने का निर्देश दिया है। इससे उद्यमी को स्थानीय स्तर पर ही उद्यम लगाने की सहूलियत मिलेगी। ब्यूरो

***प्लॉटों के नामांतरण पर अब नगर निगम नहीं लेगा शुल्क :*** *मंत्री राकेश सचान ने कहा कि औद्योगिक प्लॉटों के नामांतरण के लिए नगर निगम की ओर से लिया जाने वाला एक प्रतिशत शुल्क अब नहीं वसूला जाएगा। इसके स्थान पर केवल पांच हजार रुपये नामांतरण शुल्क लगेगा। उन्होंने कहा कि 25 से 29 सितंबर तक यूपी की ओर से दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो का आयोजन किया जा रहा है।*

>> शंकाओं-समस्याओं को मिली समाधान की राह : माई सिटी 2